<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>
<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भाविप्रा ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया

नई दिल्ली, 26 जनवरी 2023 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 74वां गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह और जोश के साथ मनाया गया ।

इस पावन अवसर पर श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा ने आईजीआई हवाईअड्डा, नई दिल्ली में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के दिल्ली वायु यातायात सेवा परिसर में श्री ए.के. पाठक, सदस्य (योजना एवं मानव संसाधन), भाविप्रा; श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस), भाविप्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया । तत्पश्चात राष्ट्रगान और अग्निशमन कर्मियों के एक दल द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मान गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) दिया गया । भाविप्रा के सम्मानित बोर्ड सदस्य और भाविप्रा के प्रतिष्ठित अधिकारी भाईचारे और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए एकत्र हुए, देशभक्ति के उत्साह ने प्रातःकालीन सर्द वातावरण में जोशपूर्ण गर्माहट भर दी।

अपने आधिकारिक संबोधन में, अध्यक्ष, भाविप्रा ने सभा को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी । उन्होंने राष्ट्र की प्रगति में भारतीय नागर विमानन क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कुशलता से इसे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

नए एटीसी कॉम्प्लेक्स को भाविप्रा की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली सुंदर रंगोली की सजावट से सजाया गया था। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय रंगपुरी के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: म°प्र°(नि° सं°) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 37/2022-23

श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा ने श्री ए.के. पाठक, सदस्य (योजना एवं मानव संसाधन), भाविप्रा; श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस), भाविप्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एनएटीएस परिसर में मनाए गए 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए ।

74वें गणतंत्र दिवस के अवसर श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा हवाई यातायात सेवा परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए ।